Ch- 4

Date:- 9/07/20
Sub:- Hindi Reader
Class:- IV

जगदीशचंद्र बोस

★ शब्दार्थ ★

धारणा - पक्का विचार

तीव्र - तेज

आविष्कार - नई बात की खोज

अटूट - न टूटनेवाला, सदा बना रहनेवाला

निर्जीव - जिसमें जान न हो

उपाधि - पदवी

कूट - कूटकर - बहुत अधिक

सम्मानित - जिसका सम्मान हुआ हो, प्रतिष्ठित

Scanned with CamScanner

• बोधात्मक और विचारात्मक प्रश्न :-

1. जगदीशचंद्र बोस कौन थे? हम उन्हें क्यों याद करते हैं?

उत्तर :- जगदीशचंद्र बोस हमारे देश के एक महान वैज्ञानिक थे। हम उन्हें इसलिए याद करते हैं क्योंकि उन्होंने नए-नए वैज्ञानिक आविष्कारों के माध्यम से देश का नाम रौशन किया है।

2. जगदीशचंद्र बोस ने किन खोजों से संसार को चकित कर दिया? वे विज्ञान-जगत में किस तरह प्रसिद्ध हुए?

उत्तर :- जगदीशचंद्र बोस ने "पेड़-पौधों में अनुभव करने की शक्ति" और "बेतार-के-तार" खोजों से संसार को चकित कर दिया।

Scanned with CamScanner

जगदीशचंद्र बोस को बचपन से ही पेड़-पौधों में रुचि थी। प्राथमिक शिक्षा-दीक्षा गाँव में ही अच्छी हुई, फिर उच्च शिक्षा के लिए वे विलायत गए। वहाँ उन्होंने कुछ वैज्ञानिकों के साथ काम भी किया, जिससे नई-नई खोज करने की तीव्रता जागी।

स्वदेश लौटने पर वे कलकत्ता में विज्ञान के प्राध्यापक बने, उनमे धैर्यशक्ति, अटूट साहस, उमंग तथा लगन था। फिर उन्होंने सर्वप्रथम "बेतार-के-तार" का आविष्कार किया और "पेड़-पौधों की अनुभव शक्ति" होने का यंत्र बनाकर दिखलाया। इससे वह "डॉक्टर ऑफ साइंस" (डी॰ एस-सी॰) की उपाधि प्राप्त किया। तथा कलकत्ता मे

Scanned with CamScanner

एक विज्ञान - मंदिर की स्थापना की।
यह मंदिर 'बोस रिसर्च इंस्टीच्यूट'
(बोस शोध - संस्थान) के नाम से प्रसिद्ध हुए
इस तरह जगदीशचंद्र बोस सारे देश के
विज्ञान - जगत में प्रसिद्ध हुए।

3. जगदीशचंद्र बोस ने किस तरह देश - सेवा में जीवन लगाया? उन्हें तपस्वी कहना कहाँ तक ठीक है?

उत्तर :- जगदीशचंद्र बोस ने सारे देश में ऐसी विज्ञान - संस्थाएँ स्थापित किया, जिससे विद्यार्थियों को विदेश जाने की आवश्यकता न पड़े और उन्होंने अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा कुल 15 लाख

Scanned with CamScanner

रुपये विज्ञान-मंदिर में दान दिए इस प्रकार वह देश-सेवा में जीवन लगाया।

उन्हें तपस्वी कहना ठीक है क्योंकि उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों का जो आदर्श सामने रखा था वह बहुत दिनों तक अंधेरे में प्रकाश-स्तंभ का काम करता रहा ।/

Scanned with CamScanner